# 2026 NAPLAN
# विद्यार्थी की वैयक्तिक रिपोर्ट
## माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए जानकारी



NAPLAN एक राष्ट्रीय साक्षरता और अंक-ज्ञान आकलन  है, जिसमें कक्षा 3, 5, 7 और 9 के विद्यार्थी हिस्सा लेते हैं। यह एक ऐसा एकमात्र राष्ट्रीय आकलन है, जिसमें सभी ऑस्ट्रेलियाई बच्चे भाग ले सकते हैं। साक्षरता और अंक-ज्ञान का कौशल सभी तरह की शिक्षाओं के लिए तथा समाज में प्रभावशाली तरीके से भागीदारी निभाने के लिए एक महत्वपूर्ण आधार होता है। NAPLAN के प्रश्न अंग्रेज़ी और गणित में, ऑस्ट्रेलियाई पाठ्यक्रम से संरेखित सामग्री का आकलन करते हैं।

NAPLAN परीक्षायें, प्रत्येक विद्यालय की आकलन करने और रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया का केवल एक भाग होती हैं। चूंकि ये परीक्षायें प्रत्येक विद्यार्थी के लिए हर 2 साल में एक बार आयोजित होती हैं, इसलिए ये विद्यार्थियों के प्रदर्शन के बारे में अध्यापकों द्वारा निरंतर बनाए जाने वाले आकलनों की जगह नहीं ले सकती हैं। आपके बच्चे के शिक्षक को आपके बच्चे की शैक्षिक प्रगति के बारे में सबसे अच्छी समझ होती है। आपके बच्चे की की तरक्की के बारे में उसके शिक्षक के साथ चर्चा करने के लिए विद्यालय की अन्य आकलन रिपोर्टों के साथ, NAPLAN रिपोर्ट का भी उपयोग किया जा सकता है।

## NAPLAN द्वारा विद्यार्थियों का आकलन कैसे किया जाता है?

NAPLAN परीक्षायें, हर साल मार्च में ऑस्ट्रेलिया भर के विद्यालयों में ऑनलाइन आयोजित की जाती हैं। ऑनलाइन आकलन में प्रश्नों को इस तरह से प्रस्तुत किया जाता है कि प्रत्येक विद्यार्थी का उत्तर वैयक्तिक रहे, जिससे और अधिक सटीक परिणाम प्राप्त होते हैं तथा विद्यार्थियों को परीक्षा का एक और अधिक आनंददायक अनुभव मिलता है।

NAPLAN में अधिकाँश प्रश्न, विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय शिक्षा में पिछले वर्षों में सीखी गई साक्षरता और अंकज्ञान की विद्या तथा कौशल पर आधारित होते हैं। थोड़े बहुत प्रश्नों में परीक्षा वाले वर्ष और उससे अगले साल से ली गई सामग्री का आकलन किया जाता है। इन प्रश्नों की रचना इस तरह से की जाती है कि, विद्यार्थियों द्वारा पिछले सालों में सीखी गईं युक्तियों को काम में लेते हुए इनके उत्तर दिये जा सकें। इससे यह सुनिश्चित होता है कि हर तरह की क्षमता वाले विद्यार्थी यह प्रदर्शित कर सकते हैं कि वे क्या कर सकते हैं।

NAPLAN में मापी जाने वाली विद्या तथा कौशलों के बारे में विस्तृत जानकारी www.nap.edu.au पर उपलब्ध है।

## निपुणता के मानक

NAPLAN के परिणामों को निपुणता के ऐसे मानकों के खिलाफ रिपोर्ट किया जाता है जो विद्यार्थी की उपलब्धी की स्पष्ट सूचना प्रदान करते हैं। इन मानकों को NAPLAN की परीक्षा के समय बच्चे के लिए अपेक्षित, चुनौतीपूर्ण लेकिन उचित स्तर पर निर्धारित किया जाता है, ये मुख्यतः इस बात पर आधारित होते हैं कि विद्यालय शिक्षा के पिछले सालों में क्या सिखाया गया है।

निपुणता के मानकों में शामिल हैं:

- **अत्यधिक:** विद्यार्थी का परीक्षाफल बताता है कि, विद्यार्थी ने परीक्षा के समय अपेक्षाओं से बहुत अधिक अच्छा प्रदर्शन किया।
- **गहन:** विद्यार्थी का परीक्षाफल बताता है कि विद्यार्थी ने परीक्षा के समय, चुनौतीपूर्ण लेकिन उचित अपेक्षाओं को पूरा किया।
- **विकासशील:** विद्यार्थी का परीक्षाफल यह संकेत देता है कि परीक्षा के समय विद्यार्थी अपेक्षाओं को पूरा करने की तरफ प्रयास कर रहा था।
- **अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता है:** विद्यार्थी का परीक्षाफल यह संकेत देता है कि विद्यार्थी परीक्षा के समय ज्ञानार्जन के अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुँच पाया। इस बात की संभावना है कि संतोषजनक रूप से आगे बढ़ने के लिए उसे अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता पड़ेगी।

विद्यार्थी की वैयक्तिक रिपोर्ट के पृष्ठ 4 पर इस बारे में और अधिक विस्तृत विवरण प्रदान किया जाता है कि निपुणता के स्तरों में से हर स्तर पर विद्यार्थी को क्या-क्या आता है और वो क्या-क्या कर सकता है। और अधिक जानकारी www.nap.edu.au पर उपलब्ध है।

## निपुणता के स्तरों के बारे में निर्णय कैसे लिया गया है?

विशेषज्ञ अध्यापकों के एक पैनल द्वारा, प्रत्येक कक्षा और आकलन क्षेत्र के लिए, ज्ञानर्जन की अपेक्षाओं के अनुसार निपुणता के स्तरों की पहचान की गई है। फोकस समूहों और राष्ट्रीय पेरेंट संगठनों द्वारा, विद्यार्थी की रिपोर्टों पर माता-पिता और देखभालकर्ताओं के विचार भी सामने रखे गए थे।

## NAPLAN रिपोर्ट को पढ़ना

इस NAPLAN रिपोर्ट में प्रत्येक आकलन क्षेत्र (अंक-ज्ञान, पढ़ना, लिखना, स्पेलिंग तथा ग्रामर और पंचुएशन) में निपुणता के स्तर को दिखाया गया है जिसमें विद्यार्थी का परीक्षाफल, पैमाने पर एक काले बिंदु के रूप में दिखाया गया है।

इस रिपोर्ट में प्रत्येक बच्चे की उपलब्धियों को, उसकी कक्षा के स्तर के राष्ट्रीय औसत के अनुपात में (एक काले त्रिकोण के रूप में) तथा उसकी कक्षा के स्तर में बीच के 60% बच्चों की उपलब्धियों की रेंज को (हल्की सी छाया वाले एक त्रिकोण के रूप में) दिखाया गया है।

NAPLAN एक महत्वपूर्ण तरीका है जो विद्यार्थी के प्रदर्शन के बारे में लाभदायक जानकारी दे सकता है, लेकिन व्यक्तिगत रिपोर्टों का विश्लेषण ध्यानपूर्वक किया जाना चाहिए क्योंकि वे उनकी सम्रग शिक्षा-प्राप्ति के निश्चित परिमाण की बजाए केवल परीक्षा के दिन विद्यार्थी के प्रदर्शन को दिखाती हैं। यह 2026 में राइटिंग परिणामों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि कुछ विद्यार्थियों ने कनेक्टिविटी समस्याओं के कारण ऑनलाइन राइटिंग टेस्ट के दौरान बाधाओं का अनुभव किया था। आपके बच्चे की टीचर को आपके बच्चे की शैक्षिक प्रगति की सबसे अच्छी जानकारी होगी।



Translation © VCAA

## यदि मेरे बच्चे की रिपोर्ट में यह लिखा हुआ है कि उसने यह परीक्षा कागज़ पर दी थी, तो इसका क्या मतलब होता है?

हाँलाकि NAPLAN एक ऑनलाइन परीक्षा है, लेकिन कुछ परिस्थितियों में विद्यार्थियों द्वारा कागज़ पर परीक्षाएँ दी जा सकती है। ऐसा तब होता है जब:

- स्कूलों द्वारा कोई दूसरा मान्य पाठ्यक्रम काम में लिया जाता है
- सुलभता कारणों से विद्यार्थियों को परीक्षाएँ कागज़ पर देने की ज़रूरत होती है

कक्षा 3 के विद्यार्थी हमेशा अपनी लिखने की परीक्षा कागज़ पर देते हैं।

## क्या मैं अपने बच्चे के प्रदर्शन की तुलना उसकी पिछली NAPLAN रिपोर्टों से कर सकता हूँ?

2023 और उसके बाद के परीक्षाफलों की, 2008 से 2022 तक के परीक्षाफलों से सीधी तुलना नहीं की जा सकती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि नये मानकों के साथ, मापने का एक नया पैमाना प्रारंभ किया गया था और क्योंकि परीक्षाओं को टर्म 1 की बजाय टर्म 2 में आयोजित किया गया था।

कक्षा 5, 7 और 9 के विद्यार्थियों ने अब नए रिपोर्टिंग प्रबंध के तहत NAPLAN के 2 चक्र पूरे कर लिए हैं। इसका यह अर्थ है कि माता-पिता और देखभालकर्ता अपनी संतान की दक्षता के स्तरों की तुलना करने के लिए 2024 और 2026 में उन्हें प्राप्त हुई व्यक्तिगत विद्यार्थी रिपोर्ट्स का प्रयोग कर सकते हैं।

विद्यार्थियों की राष्ट्रीय औसत और मध्य 60% से तुलना किए गए विद्यार्थियों के परिणामों की तुलना 2024 और 2026 वर्षों के लिए भी की जा सकती है।

जैसे-जैसे विद्यार्थी NAPLAN की कक्षाओं में आगे बढ़ते हैं, दक्षता के हर स्तर को हासिल करने के लिए आवश्यक कौशल और समझबूझ की कठिनाई बढ़ती जाती है। विद्यार्थी जो कक्षा 3 और कक्षा 5 जैसे लगातार वर्षों में दक्षता के समान स्तर हासिल करता है, हो सकता है कि वह प्रगति कर रहा हो।

## NAPLAN मेरे बच्चे की सहायता कैसे करता है?

NAPLAN के माध्यम से माता-पिता और देखभालकर्ता यह देख सकते हैं कि उनके बच्चे ने साक्षरता और अंकज्ञान में, राष्ट्रीय मानकों के मुक़ाबले कैसा प्रदर्शन किया है। आपके बच्चे की उपलब्धि की तुलना, राष्ट्रीय स्तर पर समान कक्षा के सभी विद्यार्थियों के औसत प्रदर्शन से और निपुणता स्तरों से की जा सकती है।

इसके परीक्षाफलों से माता-पिता, देखभालकर्ताओं और विद्यार्थियों को अध्यापकों से उस विद्यार्थी की प्रगति के बारे में चर्चा करने में सहायता मिल सकती है।

## इन परीक्षाफलों का मेरे बच्चे के लिए क्या अर्थ है?

NAPLAN परीक्षाफल साक्षरता और अंक-ज्ञान के क्षेत्र में उन कुशलताओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हैं, जो आपका बच्चा अपने नियमित स्कूल पाठ्यक्रम के माध्यम से सीखता है। ये परीक्षाफल, आपके बच्चे को और उसके अध्यापकों को इस परीक्षा के समय आपके बच्चे की उपब्धियों की समझ उपलब्ध करावकर, आपके बच्चे द्वारा विद्यालय में किये जाने वाले अन्य आकलनों में सहायक होते हैं। इस जानकारी का उपयोग आपके बच्चे को उसकी सर्वश्रेषठ कोशिश करने में सहायता देने के लिए किया जा सकता है।

कुछ विद्यालयों द्वारा, अपनी प्रवेश प्रक्रिया के हिस्से के रूप में, विद्यालय रिपोर्टों के अलावा NAPLAN रिपोर्टें भी मांगी जा सकती हैं। NAPLAN की रचना विद्यालय में प्रवेश के लिए होने वाली परीक्षा के रूप में नहीं की गई है: लेकिन, इसका परीक्षाफल किसी नये विद्यालय को, विद्यार्थी की सीखने की आवश्यकताओं के बारे में बताने के लिए उपयोगी हो सकता है।

## NAPLAN मेरे बच्चे के विद्यालय की सहायता कैसे करता है?

NAPLAN ऐसा एकमात्र राष्ट्रीय आकलन है, जिसमें सभी ऑस्ट्रेलियाई बच्चे भाग ले सकते हैं। ये सहायता करता है:

- अध्यापकों को ऐसे विद्यार्थियों की पहचान करने में, जिन्हें और ज़्यादा कठिन चुनौतियों या अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता होती है
- विद्यालयों को, शिक्षण कार्यक्रमों की प्रबलताओं और आवश्यकता के क्षेत्रों की पहचान करने में
- विद्यालयों को साक्षरता और अंक-ज्ञान के लक्ष्य निर्धारित करने में
- विद्यालयों को प्रस्तावित किए जाने वाले कार्यक्रमों और सहायता की विद्यालय तंत्रों द्वारा समीक्षा करने में

NAPLAN सरकारों को इस बात की जांच करने में सहायता करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर तुलना के लिए आकड़े भी प्रदान करता है कि शिक्षण कार्यक्रम कैसे चल रहे हैं और क्या विद्यार्थी साक्षरता और अंक-ज्ञान के महत्वपूर्ण मानकों को पूरा कर रहे हैं।

## अन्य कौन लोग इन परिणामों को देखेंगे?

प्रत्येक वर्ष, इस परीक्षा के व्यवस्थापक अधिकारी NAPLAN में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों के विद्यालयों को परिणाम देते हैं। विद्यालयों को, संपूर्ण विद्यालय में सुधार के उद्देश्य से अपनी योजना के बारे में सूचित करने के लिए इन परिणामों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

विद्यार्थियों की व्यक्तिगत रिपोर्टें गोपनीय होती हैं। आपके बच्चे की रिपोर्ट को केवल आपके स्थानीय परीक्षा संचालन अधिकारी और आपके बच्चे के विद्यालय के कर्मचारी ही देखेंगे।

विद्यालयों के औसत परिणाम सार्वजनिक रूप से My School पर **www.myschool.edu.au** पर प्रस्तुत किए जाते हैं। हर साल के परीक्षाफलों से, साल के अंत में इस वेबसाइट को अपडेट किया जाता है। My School पर आपके बच्चे के व्यक्तिगत परिणाम उपलब्ध नहीं होते हैं।



Translation © VCAA